E_Mail- hegpgcnar@mp.gov.in
कार्यालय प्राचार्य शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर (म.प्र.)
नैक टीम द्वारा 'A' ग्रेड प्रदत्त
Phone - 07792-230335, (अग्रणी महाविद्यालय) Fax - 07792-230331

क्रमांक 587 / स्था. / 2020 नरसिंहपुर दिनॉक 29 / 01 / 2020

प्रति,

परियोजना संचालक,
म.प्र. स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टरेट (रूसा)
भोपाल।

विषय :– एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के सम्बंध में गतिविधियां संचालित कर रिपोर्ट प्रेषित करने बावत्।

संदर्भ :– आपका पत्र कं. 14 / रूसा / 2020, दिनांक 07.01.2020।

–0–

उपरोक्त विषयांतर्गत एवं संदर्भित पत्र के परिपालन में लेख है कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के अंतर्गत महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के सम्बंध में दिशानिर्देश जारी किये गये थे। इस क्रम में निर्देशानुसार महाविद्यालय द्वारा की गयी गतिविधियों का प्रतिवेदन आपकी ओर निम्नानुसार प्रेषित है:–

प्रतिवेदन

स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टोरेट राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल म.प्र. के **"एक भारत श्रेष्ठ भारत"** कार्यक्रम (मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार) के अंतर्गत स्वामी विवेकानन्द शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर में दिनांक– 13 / 01 / 2020 को युग्मित राज्य (Paired State) की फिल्म छात्र–छात्राओं को दिखाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के. चौकसे उपस्थित रहे।

Scanned by CamScanner

E_Mail- hcgpgcnar@mp.gov.in

कार्यालय प्राचार्य शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर (म.प्र.)

नैक टीम द्वारा 'A' ग्रेड प्रदत्त

Phone - 07792-230335, (अग्रणी महाविद्यालय) Fax - 07792-230331

निर्धारित 14/01/2020 को वीडिओ कॉन्फ्रेंसिंग (SKYPE) में संपर्क स्थापित न होने पर इसका संचालन नहीं हो सका।

दिनांक 15/01/2020 को मकर संक्रांति पर्व पर स्थानीय अवकाश होने के कारण दिनांक 14/01/2020 को राज्यभाव (Statehood) दिवस समारोह मनाया गया। छात्र–छात्राओं ने नागालैंड तथा मणिपुर की वेशभूषा में दोनों राज्यों से संबंधित कागज से स्वनिर्मित फूलों की प्रदर्शनी (Flower Exhibition) का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य द्वारा किया गया।

दिनांक 20/01/2020 को एक युग्मित राज्य से संबंधित नोटिस तथा डिस्पले बोर्ड गैलरी का आयोजन संस्था के प्राचार्य डॉ. आर.के. चौकसे के मुख्य आतिथ्य में किया गया। नोटिस तथा डिस्पले बोर्ड में छात्र–छात्राओं ने नागालैण्ड तथा मणिपुर की वेशभूषा, संस्कृति, पर्यटन आदि को प्रदर्शित किया।

Scanned by CamScanner

E_Mail- hegpgenar@mp.gov.in
कार्यालय प्राचार्य शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर (म.प्र.)
नैक टीम द्वारा 'A' ग्रेड प्रदत्त
Phone - 07792-230335, (अग्रणी महाविद्यालय) Fax - 07792-230331

दिनांक 21.01.2020 को नागालैण्ड तथा मणिपुर राज्य की भाषा के बारे छात्र/छात्राओं को समझाया गया तथा वीडियो प्रदर्शित किया गया।

दिनांक 23.01.2020 को क्लब के सदस्यों व अन्य पंजीकृत छात्र/छात्राओं ने प्राचार्य के साथ जल संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक और राष्ट्रीय एकता की शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक व स्टॉफ उपस्थित रहा।

दिनांक 27.01.2020 को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपूर्ण श्रृंखला का समापन किया गया, जिसमें नागालैण्ड व मणिपुर संस्कृति प्रस्तुति की गई। महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा मध्यप्रदेश के लोकगीत तथा सामूहिक नृत्य व नागालैण्ड और मणिपुर की प्रस्तुतियां दी गयी।

Scanned by CamScanner

कार्यालय प्राचार्य शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर (म.प्र.)
E_Mail- hegpgenar@mp.gov.in
नैक टीम द्वारा 'A' ग्रेड प्रदत्त
Phone - 07792-230335, (अग्रणी महाविद्यालय) Fax - 07792-230331

महाविद्यालय के प्राचार्य के नेतृत्व में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगणों ने उक्त गतिविधियों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम नोडल अधिकारी श्रीमती वंदना जैन, सहसंयोजक श्रीमती ज्योत्सना झारिया एवं समिति सदस्य डॉ. नरेश कुमार नेमा, डॉ. पर्णश्री मुखर्जी तथा श्री सतीश बैस के साथ मनोविज्ञान विभाग के डॉ. अविनाश बिहारिया एवं महाविद्यालयों के अधिकारियों/कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा। मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष श्रीमती सुधा विकरोल का संपूर्ण गतिविधियों में विशेष सहयोग रहा। इसके साथ ही विभोर सराठे, पीयूष शिववंशी तथा ब्रजेश एवं जीनेश विश्वकर्मा, वर्षा, सीमा आदि ई.बी.एस.बी. सदस्यों का योगदान रहा।

प्राचार्य
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
नरसिंहपुर

पृ. क्रमांक 588 /स्था./2020
प्रतिलिपि :

नरसिंहपुर दिनॉक 29/01/2020

1. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर।

प्राचार्य
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
नरसिंहपुर

Scanned by CamScanner